C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 355 | बिजौलिया - शनिवार, 11 जुलाई 2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM

## अब हर गांव में श्मशान तक बनेगा सरकारी रास्ता

### राजस्व विभाग के आदेश: श्मशान भूमि होगी राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज, अतिक्रमण हटेंगे, जरूरत पड़ने पर नई जमीन भी होगी आरक्षित

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में वर्षों से श्मशान भूमि और वहां तक पहुंचने वाले रास्तों को लेकर चले आ रहे विवादों पर अब सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। राज्य सरकार ने सभी जिलों के कलेक्टरों को निर्देश दिए हैं कि गांवों में श्मशानों की जमीन का राजस्व रिकॉर्ड दुरुस्त किया जाए, जहां आवश्यकता हो वहां श्मशान के लिए नई जमीन आरक्षित की जाए तथा श्मशानों तक पहुंचने के लिए सरकारी रास्तों का चिन्हांकन कर उन्हें अतिक्रमण मुक्त कराया जाए। यह कार्रवाई ग्रामीण सेवा शिविरों के माध्यम से प्राथमिकता के आधार पर की जाएगी।

राजस्व विभाग की ओर से जारी निर्देशों के अनुसार प्रदेश के अनेक गांवों में वर्षों से श्मशान उपयोग में हैं, लेकिन उनकी भूमि का उल्लेख राजस्व रिकॉर्ड (जमाबंदी) में नहीं है। इसके चलते अंतिम संस्कार जैसे संवेदनशील मामलों में जमीन विवाद, अतिक्रमण और सामाजिक असुविधा की स्थिति उत्पन्न होती रही है। अब ऐसे सभी मामलों का समाधान अभियान चलाकर किया जाएगा।

निर्देशों के तहत प्रत्येक गांव में श्मशान भूमि का भौतिक सत्यापन कराया जाएगा। राजस्व अधिकारी सीमांकन




कर भूमि की नाप-जोख करेंगे और संबंधित भूमि को सरकारी जमाबंदी में दर्ज करेंगे। जिन स्थानों पर अतिक्रमण पाया जाएगा, वहां नियमानुसार कार्रवाई कर अतिक्रमण हटाया जाएगा।

सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि जिन गांवों में श्मशान तक पहुंचने का रास्ता नहीं है या रास्ते पर विवाद है, वहां राजस्व रिकॉर्ड में रास्ते दर्ज कराए जाएंगे और उन्हें खुलवाकर ग्राम पंचायतों को सुपुर्द किया जाएगा, ताकि भविष्य में अंतिम संस्कार के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो।

इसके अलावा जिन गांवों में श्मशान के लिए पर्याप्त भूमि उपलब्ध नहीं है, वहां राजस्व विभाग नई सरकारी भूमि आरक्षित कर उसे श्मशान के लिए आवंटित करेगा। विभाग ने कलेक्टरों को इस प्रक्रिया को लगातार जारी रखने के निर्देश दिए हैं, ताकि भविष्य में भी श्मशान भूमि और रास्तों से जुड़े विवादों की पुनरावृत्ति न हो।

## राजस्थान में साइबर सुरक्षा होगी और मजबूत, तैयार होंगे 'साइबर वॉरियर्स'

### राज्य स्तरीय कार्यशाला में डेटा सुरक्षा, DPDP कानून और Zero Trust मॉडल पर मंथन; विभागों में CISO नियुक्ति और साइबर रेजिलिएंस बढ़ाने पर जोर



**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।**

डिजिटल युग में बढ़ते साइबर हमलों और डेटा सुरक्षा की चुनौतियों से निपटने के लिए राजस्थान सरकार ने साइबर सुरक्षा तंत्र को और मजबूत बनाने की दिशा में अहम कदम बढ़ाया है। शुक्रवार को जयपुर स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर रेवेन्यू रिसर्च एंड एनालिसिस (COERRA) में आयोजित राज्य स्तरीय परामर्श कार्यशाला में विशेषज्ञों ने राज्य में प्रशिक्षित 'साइबर वॉरियर्स' तैयार करने, सरकारी डेटा की सुरक्षा बढ़ाने और सभी विभागों में मजबूत साइबर सुरक्षा व्यवस्था लागू करने पर जोर दिया।

सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग, राजस्थान सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) तथा राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस प्रभाग (NeGD) के सहयोग से आयोजित इस कार्यशाला में राज्य डेटा सुरक्षा ढांचे को मजबूत करने के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की।

कार्यशाला में रिस्क-बेस्ड असेसमेंट, आईटी परिसंपत्तियों की सुरक्षा निगरानी, स्टेट डेटा सेंटर एवं SWAN सुरक्षा, सिक्योरिटी ऑपरेशन सेंटर (SOC), स्टेट कंप्यूटर सिक्योरिटी इंसिडेंट रिस्पॉन्स टीम (CSIRT), लीगेसी सिस्टम्स का आधुनिकीकरण, Secure-by-Design, Zero Trust सिद्धांत, डेटा वर्गीकरण, डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन (DPDP) अधिनियम-2023, DPDP नियम-2025 तथा सभी विभागों में मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी (CISO) की नियुक्ति जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों ने अपने विचार रखे।

उप महानिरीक्षक (साइबर क्राइम) शांतनु कुमार सिंह चंद्रावत ने कहा कि साइबर अपराध लगातार बढ़ रहे हैं। इनसे प्रभावी मुकाबले के लिए राज्य में प्रशिक्षित और दक्ष 'साइबर वॉरियर्स' तैयार करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग तथा साइबर क्राइम इकाई के समन्वित प्रयासों से प्रदेश में साइबर सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जा रहा है।

कार्यशाला में राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस प्रभाग के निदेशक (टेक्नोलॉजी मैनेजमेंट) दिनेश डिडेल, टीम लीड (साइबर लॉ) अर्शिल खान, स्टेट क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो (SCRB) के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेश शर्मा सहित सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने तकनीकी एवं नीतिगत विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यशाला के अंत में प्रतिभागियों से प्राप्त सुझावों और अनुशंसाओं को संकलित कर राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा ढांचे के अंतिम मसौदे के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार को भेजने का निर्णय लिया गया। इसमें राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी (CISO), उप मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी तथा वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

## पति के सामने 'किडनैप' हुई पत्नी, थाने पहुंचकर खोला राज: अपहरण नहीं, खुद रची थी पूरी साजिश

### जबरन शादी से थी नाराज, प्रेमी के साथ जाने के लिए बस स्टैंड से कराया 'अपहरण'; पुलिस जांच में खुली पूरी कहानी

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

राजधानी से सामने आए अपहरण के मामले में पति की शिकायत पर शुरू हुई विवाहिता की तलाश उस समय खत्म हुई जब वह खुद थाने पहुंच गई और बताया कि उसका अपहरण नहीं हुआ था, बल्कि जबरन कराई गई शादी से निकलने के लिए उसने प्रेमी के साथ मिलकर पूरी योजना बनाई थी।

पुलिस जांच में सामने आया कि युवती पहले से प्रेम विवाह कर चुकी थी, लेकिन परिजनों ने उसे घर में कैद कर दूसरी शादी करवा दी थी।

मालपुरा थाने के एएसआई वेद प्रकाश के अनुसार जयपुर निवासी 28 वर्षीय युवक ने पत्नी के अपहरण का मामला दर्ज कराया था। उसने बताया कि अप्रैल 2026 में उसकी शादी अजमेर निवासी युवती से हुई थी, लेकिन शादी के बाद पत्नी ससुराल नहीं आई और अपने पीहर में ही रह रही थी। 7 जुलाई को वह पत्नी को लेने अजमेर गया और रोडवेज बस से जयपुर लौट रहा था।

सुबह करीब 9 बजे मालपुरा गेट बस



स्टैंड पर दोनों बस से उतरे और कैब का इंतजार कर रहे थे। तभी एक ब्रेजा कार आकर रुकी। कार से उतरे चार युवकों में से दो ने विवाहिता को जबरन कार में बैठा लिया, जबकि अन्य दो ने उसके पति के साथ मारपीट की। शोर सुनकर मौके पर जुटी भीड़ ने दो आरोपियों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया, जबकि कार में सवार अन्य लोग विवाहिता को लेकर फरार हो गए।

पति की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर विवाहिता की तलाश शुरू की। इसी बीच 9 जुलाई को युवती स्वयं थाने पहुंची और पुलिस को बताया कि वह अपनी मर्जी से गई थी तथा कथित अपहरण की पूरी योजना उसी ने बनाई थी।

जांच में सामने आया कि युवती पिछले चार-पांच वर्षों से एक युवक के साथ प्रेम संबंध में थी और दोनों ने आर्य समाज में विवाह भी कर लिया था। इसकी जानकारी मिलने पर परिजनों ने उसे घर में कैद कर दिया और अप्रैल 2026 में उसकी इच्छा के विरुद्ध दूसरे युवक से शादी करा दी। शादी के बाद भी वह ससुराल नहीं गई और पीहर में ही रही।

पुलिस के अनुसार शादी के कुछ दिन बाद युवती घर से निकल गई थी, जिसके बाद परिजनों ने अजमेर में उसकी गुमशुदगी दर्ज करवाई थी। करीब 45 दिन बाद पुलिस ने उसे जोधपुर से बरामद किया, लेकिन आरोप है कि घर लाने के बाद परिजनों ने फिर उसे घर में बंद कर दिया और दूसरी शादी स्वीकार करने का दबाव बनाया।

इसी दौरान युवती को अपनी मामी का मोबाइल मिला, जिससे उसने अपने प्रेमी से संपर्क किया। दोनों ने योजना बनाई कि जब उसे पति के साथ जयपुर भेजा जाएगा, तब रास्ते में अपहरण जैसा घटनाक्रम रचकर वह प्रेमी के साथ चली जाएगी। हालांकि घटनास्थल पर भीड़ जुटने से दो युवक पकड़ लिए गए और पूरी साजिश आखिरकार पुलिस जांच में उजागर हो गई।

पुलिस फिलहाल मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है और युवती के बयान के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## बड़लियास में सुनसान जगह पर मिला नवजात भ्रूण , पुलिस ने शुरू की जांच



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**


(रोशन ) क्षेत्र के खारों का खेड़ा गाँव में शुक्रवार सुबह एक 4 माह का नवजात भ्रूण मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार कस्बे के एक सुनसान स्थान पर सड़क किनारे भ्रूण पड़ा होने की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए और पुलिस को सूचना दी गई।

सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और भ्रूण को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू की। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने भ्रूण को वहां लाकर फेंका है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और मामले की जांच में जुटी हुई है।

## विकास कार्यों में तेजी लाकर समयबद्ध पूरा करें एसडीजी लक्ष्य : जिला कलक्टर

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों की फ्लैगशिप योजनाओं एवं सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) संकेतकों की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में जिला कलक्टर ने अधिकारियों को विकास कार्यों में तेजी लाने तथा सभी योजनाओं का लाभ समय पर पात्र लोगों तक पहुंचाने के निर्देश दिए।



बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, ग्रामीण विकास, जलदाय, ऊर्जा, सामाजिक न्याय सहित विभिन्न विभागों की प्रगति की विभागवार समीक्षा की गई। जिला कलक्टर ने अधिकारियों से योजनाओं की वर्तमान स्थिति की जानकारी लेते हुए कहा कि सतत विकास लक्ष्यों को निर्धारित समयसीमा में पूरा करने के लिए सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान देने तथा जिले की एसडीजी रैंकिंग में सुधार के लिए गंभीरता से प्रयास करने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर) प्रतिभा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo. 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ



उदयपुर की खूबसूरती का प्रतीक फतेहसागर झील का मनमोहक दृश्य, जिसे नीमच माता मंदिर रोपवे से कैमरे में कैद किया गया। महाराणा फतेह सिंह द्वारा निर्मित यह ऐतिहासिक झील पिछोला झील से जुड़ी हुई है। झील के मध्य स्थित नेहरू उद्यान और वेधशाला इसकी विशेष पहचान हैं, जो इसे उदयपुर के प्रमुख पर्यटन स्थलों में शामिल करते हैं। **फोटो आभार: राजेश जिनगर**

## समाजहित की नई हुंकार: बबलू सिंह ठुमिया के आह्वान पर 12 जुलाई को हाथी भाटा आश्रम में जुटेंगे सर्व समाज के लोग

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**पुनित चपलोत**



सामाजिक कार्यकर्ता बबलू सिंह ठुमिया के आह्वान पर 12 जुलाई (रविवार) सुबह 10 बजे अजमेर-चित्तौड़गढ़ हाईवे स्थित भीलवाड़ा बाईपास के हाथी भाटा आश्रम में समाजजन एवं सर्व समाज के समर्थकों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित होगी। बैठक में सामाजिक मुद्दों, समाजहित से जुड़े विषयों और भविष्य की दिशा पर व्यापक चर्चा की जाएगी।

ठुमिया ने बताया कि उन्होंने श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना में पदाधिकारी रहते हुए राजपूत समाज के साथ-साथ सर्व समाज के हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर लगातार आवाज उठाई और जनहित के कार्य किए। उनका कहना है कि सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से बड़ी संख्या में युवाओं को समाज सेवा के लिए प्रेरित किया गया, जिससे सामाजिक जागरूकता का वातावरण बना।

उन्होंने कहा कि कुछ वैचारिक मतभेदों के चलते उन्हें संगठन से अलग होना पड़ा। वर्तमान परिस्थितियों और आगे की सामाजिक रणनीति को लेकर समाज के प्रबुद्धजनों, समाजसेवियों, युवाओं तथा सर्व समाज के प्रतिनिधियों के साथ विचार-विमर्श करने के उद्देश्य से यह बैठक बुलाई गई है।

बबलू सिंह ठुमिया ने समाज के सभी वर्गों, युवाओं, समाजसेवियों एवं समर्थकों से समय पर हाथी भाटा आश्रम पहुंचकर बैठक में भाग लेने और समाजहित में अपने सुझाव व विचार रखने की अपील की है। बैठक को आगामी सामाजिक गतिविधियों की दिशा तय करने की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## 'एक शिक्षक-एक पेड़' अभियान का भव्य शुभारंभ, शिक्षकों ने पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

**अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के आह्वान पर खण्ड कोटड़ी में पौधरोपण, शिक्षकों ने लिया हरित भविष्य का संकल्प**



**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी**

**राजेन्द्र बबलू पोखरना**

अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, राजस्थान (विद्यालय शिक्षा) खण्ड कोटड़ी के तत्वावधान में 'एक शिक्षक-एक पेड़' अभियान का भव्य शुभारंभ शुक्रवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आसोप में उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के अधिकारियों, महासंघ के पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सहभागिता निभाते हुए पौधरोपण किया तथा पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी एवं प्रांत संगठन मंत्री कैलाश सुथार ने कहा कि महासंघ का यह अभियान केवल पौधरोपण तक सीमित नहीं है बल्कि पौधों के संरक्षण और पर्यावरण के प्रति जनजागरण का अभियान है। उन्होंने शिक्षकों से अधिकाधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। वहीं मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार पारीक ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और शिक्षक इस दिशा में समाज का नेतृत्व कर सकते हैं।अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुभाष अग्रवाल ने कहा कि प्रत्येक शिक्षक द्वारा लगाया गया पौधा आने वाली पीढ़ियों के लिए अमूल्य धरोहर बनेगा। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा पौधरोपण के साथ हुआ। इस अवसर पर संभाग संगठन मंत्री महेश शर्मा, जिला मंत्री संजीव शर्मा, जिला प्रवासी कार्यकर्ता महेश शर्मा, आरपी अनिल बांगड़, प्रहलाद त्रिपाठी, खण्ड अध्यक्ष दुर्गा शंकर शर्मा, खण्ड शाहपुरा के अध्यक्ष अमर सिंह, प्रवक्ता हनुमान प्रसाद एवं जिला उपसभा अध्यक्ष शान्ति लाल पोखरना,पीईईओ फारूक मोहम्मद डायर, महिला मन्त्री सावित्री नामा ने संगठन की गतिविधियों और प्रकाश डालते हुए सभी शिक्षको को 'एक शिक्षक-एक पेड़' अभियान के तहत एक-एक पौधा लगाने एवं उसे वृक्ष बनने तक संरक्षित रखने का संकल्प लेने को कहा। विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के अंत में महासंघ के खण्ड मंत्री पुष्पेन्द्र कुमार काबरा, पीईईओ फारूक मोहम्मद डायर ने सभी अतिथियों, अधिकारियों, पदाधिकारियों एवं शिक्षक साथियों का आभार व्यक्त करते हुए अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही।

# गंगापुर के माझावास में ग्रामीण सेवा शिविर में आमजन को मिली राहत

**भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर ।**



राज्य सरकार के निर्देशानुसार पारदर्शी एवं संवेदनशील सुशासन की भावना के अनुरूप ग्राम पंचायत माझावास, तहसील सहाड़ा में ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन विधायक लादूलाल पितलिया के मुख्य आतिथ्य तथा उपखण्ड अधिकारी विवेक गुर्जर की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा मौके पर ही आमजन की समस्याओं का समाधान करते हुए राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया।

शिविर के दौरान कृषि विभाग द्वारा किसानों को मूंग मिनी किट का वितरण किया गया। पंचायती राज विभाग द्वारा पात्र लाभार्थियों को आवासीय पट्टों का वितरण किया गया। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीबी रोगियों को निक्षय पोषण किट प्रदान की गई। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अन्नप्राशन, गोद भराई एवं जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित कर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। पशुपालन विभाग द्वारा पशुपालकों को मंगला पशु बीमा पॉलिसी वितरित कर पशुधन सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई।शिविर की सबसे प्रेरणादायक उपलब्धियों में ग्राम गुमानसिंह खेड़ा निवासी कुन्दन सिंह को लगभग 30 वर्षों से लंबित आवासीय पट्टे का लाभ मिलना रहा। शिविर में आवेदन प्रस्तुत करने पर विभागीय अधिकारियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर ही उनका आवासीय पट्टा स्वीकृत किया। विधायक लादूलाल पितलिया नेकुन्दन सिंह सहित कुल चार लाभार्थियों को आवासीय पट्टे वितरित किए। पट्टा प्राप्त होने पर लाभार्थियों ने राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए ग्रामीण सेवा शिविर की सराहना की।

इसी प्रकार ग्राम माझावास की देऊ को शिविर में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के माध्यम से एकल नारी पेंशन योजना का लाभ प्रदान किया गया। विभाग द्वारा आवेदन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर ही पेंशन स्वीकृत की गई तथा विधायक लादूलाल पितलिया द्वारा लाभार्थी को पेंशन कार्ड प्रदान किया गया। पेंशन स्वीकृत होने पर देऊ ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए राज्य सरकार एवं प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## 13 जुलाई से राजस्थानव्यापी चक्का जाम में शामिल होंगे भीलवाड़ा के ट्रांसपोर्टर, ट्रांसपोर्ट नगर रहेगा बंद

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

**पुनीत चपलोत**




सरकार की ट्रांसपोर्ट विरोधी नीतियों के विरोध में चल रहे आंदोलन को तेज करते हुए भीलवाड़ा गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (बीजीटीए) ने 13 जुलाई से प्रस्तावित राजस्थानव्यापी चक्का जाम को पूर्ण समर्थन देने का निर्णय लिया है। ट्रांसपोर्ट नगर में आयोजित बैठक में आंदोलन को सफल बनाने के लिए सर्वसम्मति से कई अहम निर्णय लिए गए।

ट्रांसपोर्ट नगर स्थित यूनियन हॉल में आयोजित बैठक की अध्यक्षता बीजीटीए अध्यक्ष विश्वबंधु सिंह राठौड़ ने की, जबकि संचालन सचिव अरिहंत जैन ने किया। बैठक में संरक्षक जयकुमार पाटनी सहित बड़ी संख्या में ट्रांसपोर्टर, ट्रक मालिक, ट्रेलर मालिक एवं मोटर मालिक उपस्थित रहे।

बैठक में बताया गया कि 4 जुलाई को भीलवाड़ा बंद और वाहन रैली के माध्यम से जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया था। इसके बाद 8 जुलाई को जयपुर के शहीद स्मारक पर आयोजित प्रदेश स्तरीय धरने में भी भीलवाड़ा के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। वहां सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं होने पर 13 जुलाई से पूरे राजस्थान में चक्का जाम किया जाएगा।

एसोसिएशन ने निर्णय लिया कि 13 जुलाई से भीलवाड़ा ट्रांसपोर्ट नगर पूर्णतः बंद रहेगा और किसी भी प्रकार का माल परिवहन नहीं किया जाएगा। बाहर से आने वाले मालवाहक वाहनों की अनलोडिंग भी एसोसिएशन के पदाधिकारियों की अनुमति से ही होगी।

अध्यक्ष विश्वबंधु सिंह राठौड़ ने कहा कि ट्रांसपोर्ट व्यवसाय लंबे समय से सरकारी उपेक्षा का शिकार है और उद्योग का दर्जा सहित कई जायज मांगें अब तक लंबित हैं। यदि सरकार ने शीघ्र समाधान नहीं किया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।


सचिव अरिहंत जैन ने कहा कि यह केवल ट्रांसपोर्टरों का नहीं, बल्कि व्यापार, उद्योग और प्रदेश की अर्थव्यवस्था से जुड़ा जनहित का आंदोलन है। वहीं संरक्षक जयकुमार पाटनी ने व्यापारिक संगठनों, उद्योगपतियों और आमजन से 13 जुलाई के चक्का जाम को सफल बनाने में सहयोग की अपील की।

बैठक के अंत में सभी ट्रांसपोर्टरों ने मांगें पूरी होने तक एकजुट होकर संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।

## सोमिला स्कूल की युविका सिंह का राज स्तरीय फुटबॉल टीम में चयन

**भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर**

सोमिला स्कूल गंगापुर की प्रतिभाशाली छात्रा एवं फुटबॉल खिलाड़ी युविका सिंह का चयन भीलवाड़ा फुटबॉल एसोसिएशन द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय अंडर-14 सब जूनियर बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए किया गया है।युविका सिंह के चयन पर विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है।विद्यालय के फुटबॉल कोच श्री त्रिलोक सिंह राठौड़ समर्पण और निरंतर अभ्यास के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है। संस्था के निदेशक हर्ष अग्रवाल ने कहा कि युविका के शानदार प्रदर्शन कर सोमिला स्कूल गंगापुर भीलवाड़ा का नाम रोशन किया है।





QUICK BITES

## श्रीगंगानगर की घटना पर फूटा वैश्य महिला संगठन का आक्रोश, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

**फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई कर दोषियों को कड़ी एवं उदाहरणात्मक सजा देने की मांग, बेटियों की सुरक्षा को लेकर जताई गहरी चिंता**

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



श्रीगंगानगर में एक बालिका के साथ हुई जघन्य घटना के विरोध में अंतरराष्ट्रीय वैश्य महिला संगठन ने गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए शुक्रवार को महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। संगठन ने मामले की त्वरित सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कर दोषियों को कड़ी से कड़ी एवं उदाहरणात्मक सजा दिलाने की मांग की, ताकि भविष्य में इस प्रकार के अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। प्रदेश मंत्री प्रतिभा मानसिंहका, जिलाध्यक्ष लीला राठी एवं जिला मंत्री सुमन अग्रवाल ने संयुक्त रूप से अत्यंत भावुक और आक्रामक लहजे में कहा कि श्री गंगानगर की घटना ने पूरी मानवता को झकझोर कर रख दिया है। आज हमारी बेटियां अपने ही घर-आंगन में सुरक्षित नहीं हैं, जो बेहद चिंताजनक और शर्मनाक है। एक सभ्य समाज में ऐसी क्रूरता के लिए कोई स्थान नहीं हो सकता। हम महामहिम राष्ट्रपति जी से गुहार लगाते हैं कि इस मामले की त्वरित सुनवाई (फास्ट ट्रैक कोर्ट) कर दोषियों को ऐसी सख्त और ऐतिहासिक सजा दी जाए, जिससे भविष्य में कोई भी ऐसा घिनौना कृत्य करने की हिम्मत न कर सके। जब तक पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिल जाता, हमारा संगठन चुप नहीं बैठेगा और बेटियों की सुरक्षा के लिए संघर्ष जारी रखेगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान संगठन की अनेक पदाधिकारी और महिला कार्यकर्ता उपस्थित रहीं, जिन्होंने पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने और महिला सुरक्षा सुनिश्चित करने के नारे लगाए। इस मौके पर कोषाध्यक्ष सुलोचना गर्ग, जतन हिंगड़, शशि अजमेरा, स्नेहलता पटवारी, कल्पना माहेश्वरी, शशि सिंगल, सुमन सराफ, निशा सोनी, बिना अग्रवाल, प्रेमलता अग्रवाल, आशा अग्रवाल, सीमा लोढ़ा मौजूद रहे।

## सावर के नवपदस्थापित एसीबीईओ गणपतलाल मीणा का भव्य स्वागत, डॉ. भीमराव अंबेडकर संघर्ष समिति ने किया सम्मान

भीलवाड़ा फोकस @ सावर



**दिलखुश**

शिक्षा विभाग में सावर ब्लॉक के नवपदस्थापित अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी (एसीबीईओ) गणपतलाल मीणा के कार्यभार ग्रहण करने पर शुक्रवार को सीबीईओ कार्यालय में डॉ. भीमराव अंबेडकर संघर्ष समिति, सावर के तत्वावधान में सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

समारोह में समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने गणपतलाल मीणा का साफा पहनाकर, माल्यार्पण कर तथा भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा भेंट कर आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया। इस अवसर पर सभी ने उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं देते हुए शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने की अपेक्षा व्यक्त की। गणपतलाल मीणा इससे पूर्व सरवाड़ ब्लॉक के राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, सराणा में प्रधानाचार्य के पद पर अपनी सेवाएं दे रहे थे। अब उन्हें सावर ब्लॉक में अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी का दायित्व सौंपा गया है। कार्यक्रम के दौरान पूर्व एसीबीईओ नेमीचंद सामरिया को भी उनके उत्कृष्ट कार्यकाल के लिए साफा एवं माला पहनाकर सम्मान किया गया । उपस्थित लोगों ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में संघर्ष समिति के अध्यक्ष घनश्याम पंवार, संरक्षक सूरजकरण मालावत, पूर्व अध्यक्ष सत्यनारायण महावर, कोषाध्यक्ष कालूराम रेगर, सचिव विनोद पंवार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष चांदमल सामरिया, उपाध्यक्ष भरतराम धोबी, समाजसेवी मनजीत सेन, छोटूलाल पंवार सहित समिति के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का समापन सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के बताए सामाजिक समरसता, शिक्षा और समानता के विचारों को आगे बढ़ाने के संकल्प के साथ हुआ।

## सेवा सप्ताह में 1100 पौधों का रोपण, पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर।



विधायक गोपीचंद मीणा के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे सेवा सप्ताह के तहत गुरुवार को ओरिया खेड़ा स्थित काला दाता महादेव मंदिर परिसर में 1100 पौधों का सामूहिक वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए पौधों के संरक्षण का भी जिम्मा उठाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए। सोशल मीडिया संयोजक दिलखुश वैष्णव ने बताया कि सेवा सप्ताह के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र की अनेक ग्राम पंचायतों में सैकड़ों पौधे लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि केवल पौधारोपण ही नहीं, बल्कि उनके संरक्षण की जिम्मेदारी निभाना भी सभी का दायित्व है।

इस अवसर पर भरणी कला प्रशासक मुकेश धाकड़, सीआर प्रतिनिधि प्रभुलाल धाकड़, पूर्व सरपंच रामराज मीणा, देवराज पांचाल, रामनारायण धाकड़, प्रहलाद धाकड़, देवेंद्र सिंह, मिट्ठू रेगर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# प्रत्येक परिवार हर खुशी पर एक पौधा लगाने का लें संकल्प, प्रकृति से जुड़ें: प्रांत कार्यवाह डॉ. शंकर लाल माली

**भाविप के 64वें स्थापना दिवस पर कानिफनाथ छात्रावास में सघन पौधरोपण, 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत 27 बालकों को सौंपी पौधों की जिम्मेदारी**

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



भारत विकास परिषद, विवेकानंद शाखा एवं श्री केशव स्मृति सेवा प्रन्यास के संयुक्त तत्वावधान में परिषद का 64वां स्थापना दिवस सेवा, संस्कार और पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर गुरु कानिफनाथ छात्रावास परिसर में पौधरोपण एवं पौधा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के साथ-साथ बच्चों को पौधों की देखभाल की व्यक्तिगत जिम्मेदारी भी सौंपी गई। कार्यक्रम के तहत छात्रावास परिसर में ट्री-गार्ड सहित 22 फलदार एवं छायादार पौधे लगाए गए। 'एक पेड़, मां के नाम' अभियान के अंतर्गत छात्रावास के 27 बालकों को इन पौधों के संरक्षण की जिम्मेदारी सौंपी गई। प्रत्येक बालक के नाम से एक पौधा लगाया गया, जिनमें जामुन, आम, गुलमोहर सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे शामिल हैं। बच्चों ने अपने-अपने पौधों की नियमित देखभाल कर उन्हें वृक्ष बनाने का संकल्प लिया। पर्यावरण प्रभारी राकेश तिवारी ने बताया कि अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से कॉलोनीवासियों को 280 तुलसी के औषधीय पौधे तथा 150 फलदार एवं छायादार पौधे निःशुल्क वितरित किए गए। लोगों से अपने घरों, आंगनों और सार्वजनिक स्थानों पर अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनका संरक्षण करने की अपील की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत कार्यवाह डॉ. शंकर लाल माली ने परिषद की सेवा गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन के हर खुशी के अवसर जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ, गृह प्रवेश या अन्य मांगलिक कार्यक्रम को पौधरोपण से जोड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक परिवार हर शुभ अवसर पर एक पौधा लगाए और उसका संरक्षण करे तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा बदलाव लाया जा सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष राधेश्याम सोमानी ने भारत विकास परिषद को देश के अग्रणी सेवा संगठनों में से एक बताते हुए भीलवाड़ा इकाई की सेवा गतिविधियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि परिषद समाज सेवा के साथ पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी लगातार जनजागरण का कार्य कर रही है। कार्यक्रम का संचालन बालकृष्ण पारीक ने किया। उन्होंने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने तथा पौधों की नियमित देखभाल करने के लिए प्रेरित किया। अंत में गोविंद प्रसाद सोडाणी ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित नागरिकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्या भारती के हीरालाल टेलर, स्वामी विवेकानंद शाखा के अध्यक्ष गिरीश अग्रवाल, छात्रावास समिति के राजेश व्यास, विशाल गुरुजी, सचिव केजी सोनी, कोषाध्यक्ष आदित्य मानसिंह सहित परिषद के पदाधिकारी, कॉलोनीवासी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर सभी ने पौधों को वृक्ष बनाने और पर्यावरण संरक्षण के लिए निरंतर कार्य करने का सामूहिक संकल्प लिया।

# भीलवाड़ा में 12 जुलाई को राजस्थान प्रांतीय तैलीक साहू महासभा की प्रदेश कार्यकारिणी बैठक, राष्ट्रीय आयोजन की रूपरेखा पर होगी चर्चा

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

**मूलचन्द पेसवानी**

राजस्थान प्रांतीय तैलीक साहू महासभा की प्रदेश कार्यकारिणी, समाज के प्रमुख जनप्रतिनिधियों एवं प्रबुद्धजनों की महत्वपूर्ण बैठक 12 जुलाई (रविवार) को प्रातः 11रू15 बजे हरि शेवाधाम, भीलवाड़ा में आयोजित होगी।बैठक में प्रदेशभर से महासभा के राष्ट्रीय एवं प्रदेश पदाधिकारी, सभी प्रकोष्ठों के प्रदेश अध्यक्ष, संभागीय अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष, महिला एवं युवा मोर्चा के पदाधिकारी, संरक्षक, आमंत्रित सदस्य तथा समाज के गणमान्य नागरिक भाग लेंगे।

महासभा के प्रदेश अध्यक्ष देवी लाल साहू के निर्देशानुसार आयोजित इस बैठक का मुख्य उद्देश्य भीलवाड़ा में प्रस्तावित दो दिवसीय अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक एवं राष्ट्रीय जनचेतना महासम्मेलन की व्यापक रूपरेखा तैयार करना है। कार्यक्रम संयोजक एवं महासभा के प्रदेश मीडिया प्रभारी प्रहलाद दिया ने बताया कि भीलवाड़ा में प्रस्तावित इस राष्ट्रीय आयोजन में देशभर एवं प्रदेश से समाज के जनप्रतिनिधियों सहित लगभग 20 हजार समाजजनों की सहभागिता का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि बैठक में राष्ट्रीय कार्यकारिणी की मेजबानी, आयोजन समिति के गठन, विभिन्न व्यवस्थाओं, समाज की सहभागिता तथा कार्यक्रम को भव्य एवं ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान करने सहित विभिन्न विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया जाएगा। साथ ही सामाजिक जागृति को गति देने, संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा समाजहित से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर भी निर्णय लिए जाएंगे। बैठक के एजेंडे में वर्ष 2025-26 के दौरान चयनित प्रतिभावान छात्र-छात्राओं एवं विभिन्न सेवाओं में चयनित अधिकारी-कर्मचारियों के सम्मान, जयपुर एवं भीलवाड़ा में समाज के विद्यार्थियों के लिए नवीन छात्रावास निर्माण हेतु राज्य सरकार से रियायती दर पर भूमि आवंटन की मांग, आगामी नगर निकाय एवं पंचायती राज चुनावों में समाज की अधिकतम राजनीतिक भागीदारी तथा तेल-घाणी बोर्ड के गठन के लिए राज्य सरकार को सामूहिक मांग पत्र भेजने जैसे महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर भी चर्चा की जाएगी। इसके अतिरिक्त संगठन के प्रदेश स्तरीय कार्यक्रमों में स्वागत परंपरा को सरल एवं एकरूप बनाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय कार्यक्रमों को छोड़कर साफे के स्थान पर केवल ओढ़ना (ओपरना) से स्वागत करने के प्रस्ताव पर भी विचार होगा। पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों का अनुमोदन किया जाएगा तथा अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषयों पर भी चर्चा की जाएगी।

महासभा ने प्रदेश के सभी पदाधिकारियों, महिला एवं युवा मोर्चा, विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों एवं समाज के प्रबुद्धजनों से बैठक में उपस्थित होकर समाज के इस महत्वपूर्ण आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया है।

महासभा का विश्वास है कि सभी के सामूहिक सहयोग, सुझाव एवं सहभागिता से भीलवाड़ा में प्रस्तावित राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक एवं जनचेतना महासम्मेलन समाज के इतिहास में एक नई पहचान स्थापित करेगा।

# ग्रामीण सेवा शिविर में सुधरी वर्षों पुरानी राजस्व त्रुटि, काश्तकार को मिला खातेदारी अधिकार

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



राज्य सरकार के जनकल्याण अभियान के तहत आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान का प्रभावी माध्यम बन रहे हैं। ग्राम पंचायत खांयड़ा में आयोजित शिविर में एक गरीब काश्तकार के राजस्व रिकॉर्ड में वर्षों से चली आ रही त्रुटि का मौके पर ही निराकरण कर उसे राहत प्रदान की गई।

ग्राम खांयड़ा निवासी श्रवण पुत्र लक्ष्मण (भील) ने शिविर में आवेदन देकर बताया कि उसकी खातेदारी भूमि में तकनीकी त्रुटि के कारण राजस्व अभिलेखों में गैर खातेदार के नाम दर्ज हो गई थी। इससे उसे भूमि संबंधी कार्यों में लगातार परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

शिविर प्रभारी दिनेश कुमार यादव एवं नायब तहसीलदार रौनक शर्मा ने प्रकरण की जांच करवाई। पूर्व राजस्व अभिलेखों के परीक्षण में भूमि श्रवण की खातेदारी होना प्रमाणित होने पर आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर रिकॉर्ड में सुधार किया गया और भूमि को पुनः खातेदारी हक में दर्ज कर दिया गया।

समस्या के समाधान पर श्रवण ने खुशी जताते हुए राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण सेवा शिविर के माध्यम से बिना किसी अनावश्यक भागदौड़ के उनकी वर्षों पुरानी समस्या का समाधान हो गया।

शिविर में प्रशासक बद्रीलाल जाट, भू-अभिलेख निरीक्षक सुनीता भट्ट, पटवारी अंकिता ओझा, राहुल सहित ग्राम पंचायत एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# परिवार कल्याण में भीलवाड़ा का परचम, राज्य स्तरीय प्रोत्साहन पुरस्कार में फिर मिला द्वितीय स्थान

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

जनसंख्या स्थायित्व एवं परिवार कल्याण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हुए भीलवाड़ा जिले ने लगातार तीसरी बार राज्य स्तर पर सम्मान हासिल किया है। परिवार कल्याण प्रोत्साहन पुरस्कार योजना 2025-26 के तहत जिले का राज्य स्तरीय द्वितीय पुरस्कार के लिए चयन हुआ है। विश्व जनसंख्या दिवस 11 जुलाई पर आयोजित राज्य स्तरीय वर्चुअल समारोह में जिले को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि स्वास्थ्य भवन, जयपुर में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में भीलवाड़ा सहित चयनित जिलों को सम्मानित किया जाएगा। जिला स्तर से अधिकारी कलेक्ट्रेट स्थित वीसी रूम के माध्यम से समारोह में वर्चुअल रूप से शामिल होंगे।

अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रामकेश गुर्जर ने बताया कि इस वर्ष विश्व जनसंख्या दिवस की थीम 'जब बच्चों में सही अंतराल, परिवार बने स्वस्थ और खुशहाल' रखी गई है। इसी अवसर पर जनसंख्या स्थायित्व एवं परिवार कल्याण में उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्थाओं, ग्राम पंचायतों और स्वयंसेवी संगठनों को भी सम्मानित किया जाएगा।

पुरस्कार योजना के तहत आसींद पंचायत समिति को जिले की सर्वश्रेष्ठ पंचायत समिति चुना गया है। वहीं उप जिला अस्पताल हमीरगढ़, सीएचसी मौखुन्दा एवं पीएचसी बोरडा को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा नेगड़िया, बालेसरिया, चांदजी की खेड़ी, आगूचा, विलेठा, लादुवास, छापरेल, जिंद्रास, लाडपुरा, मौखुन्दा, उमेदपुरा बचखेड़ा और गढ़ पाछली आमली सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं को भी उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा।

# ग्रामीण जन-कल्याणकारी शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं का हुआ समाधान, विभिन्न योजनाओं का मिला लाभ





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

सुवाणा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत गुवारडी में शुक्रवार को राजस्थान सरकार के ग्रामीण जन-कल्याणकारी शिविर का आयोजन भेरूनाथ सराय परिसर में किया गया। शिविर में हमीरगढ़ तहसीलदार भंवरलाल सेन, सुवाणा विकास अधिकारी जितेंद्र गुरनानी, समाजसेवी अमर सिंह पुरावत सहित 22 विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रातः 9:30 बजे से सायं 6 बजे तक आयोजित शिविर में ग्रामीणों की परिवेदनाएं सुनी गईं तथा विभिन्न विभागों द्वारा पात्र लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया।

शिविर के दौरान ग्राम गुवारडी स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शिक्षकों की कमी का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। ग्रामीणों ने अवगत कराया कि कक्षा 12 तक संचालित विद्यालय में वर्तमान में केवल दो वरिष्ठ अध्यापकों एवं सीमित स्टाफ के भरोसे शिक्षण कार्य संचालित हो रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि लंबे समय से अतिरिक्त शिक्षकों की नियुक्ति की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। शिक्षकों की कमी के कारण विद्यार्थियों का नामांकन प्रभावित हो रहा है तथा अनेक छात्र-छात्राएं अन्य विद्यालयों का रुख कर रहे हैं। ग्रामीणों ने शीघ्र पर्याप्त शिक्षकों की नियुक्ति की मांग की।

शिविर में रामनगर, मंडपिया स्टेशन क्षेत्र की जलभराव, क्षतिग्रस्त सड़क एवं नालियों की समस्या भी ग्रामीणों द्वारा उठाई गई। शिकायत में बताया गया कि नालियों का गंदा पानी लंबे समय तक घरों के बाहर जमा रहने से आवागमन में कठिनाई होती है तथा क्षेत्रवासियों को निरंतर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शिकायत प्राप्त होने पर संबंधित अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

तहसीलदार भंवरलाल सेन ने बताया कि शिविर के दौरान राजस्व विभाग द्वारा 15 पट्टों का वितरण किया गया तथा 16 बंटवारा प्रकरणों का निस्तारण करते हुए शुद्धि के 8 प्रकरण तैयार किए गए। स्वच्छता से संबंधित योजनाओं के अंतर्गत पांच परिवारों को शौचालय योजना का लाभ प्रदान किया गया। कृषि विभाग द्वारा लगभग 40 मंगला पशु बीमा पॉलिसियों का वितरण किया गया तथा गोवर्धन वर्मी बैग योजना के आवेदन ऑनलाइन किए गए।

इसी प्रकार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा चार बच्चों को पालनहार योजना से जोड़ा गया। चिकित्सा विभाग ने टीबी मरीजों को निक्षय किट वितरित की, जबकि वन विभाग द्वारा 10 वन मित्र बनाए गए। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से गोद भराई एवं अन्नप्राशन कार्यक्रम आयोजित किए गए। शिविर में अतिक्रमण, रास्ता एवं भूमि आवंटन से संबंधित प्रकरणों पर भी नियमानुसार कार्रवाई की प्रक्रिया प्रारंभ की गई।

सेन ने बताया कि रामनगर क्षेत्र में जलभराव की समस्या के त्वरित समाधान के लिए ग्राम पंचायत को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। वहीं गुवारडी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शिक्षकों की कमी के संबंध में शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आगामी तबादला सूची में आवश्यकतानुसार शिक्षकों की नियुक्ति का प्रयास किया जाएगा, ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न हो।

# डॉ. अंबेडकर उद्यम प्रोत्साहन योजना से साकार हुआ आत्मनिर्भरता का सपना, चालक से बने टैक्सी व्यवसायी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

राज्य सरकार द्वारा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के युवाओं को स्वरोजगार एवं उद्यमिता के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित डॉ. भीमराव अंबेडकर उद्यम प्रोत्साहन योजना जिले में युवाओं के लिए आत्मनिर्भरता का मजबूत आधार बन रही है। जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र, भीलवाड़ा द्वारा योजना का प्रभावी क्रियान्वयन करते हुए पात्र युवाओं को वित्तीय सहायता एवं संस्थागत सहयोग उपलब्ध कराया जा रहा है। इसी क्रम में योजना के तहत लाभार्थी दिनेश मेघवंशी को वाणिज्यिक वाहन (स्विफ्ट डिजायर टैक्सी परमिट) क्रय करने के लिए 8.60 लाख लागत की परियोजना स्वीकृत की गई। परियोजना के वित्तपोषण के लिए बैंक द्वारा 7.35 लाख का ऋण स्वीकृत किया गया है। साथ ही योजना के प्रावधानों के अनुसार लाभार्थी को 2.15 लाख की मार्जिन मनी अनुदान राशि तथा 9 प्रतिशत ब्याज अनुदान का लाभ भी प्रदान किया जाएगा। योजना के प्रावधानों के अनुसार 25 लाख तक की




परियोजनाओं पर 9 प्रतिशत, 5 करोड़ तक 7 प्रतिशत तथा 10 करोड़ तक 6 प्रतिशत ब्याज अनुदान दिया जाता है। इस प्रावधान के तहत श्री दिनेश मेघवंशी को 9 प्रतिशत ब्याज अनुदान प्राप्त होगा, जिससे उनके ऊपर वित्तीय भार कम होगा तथा व्यवसाय के सफल संचालन में सहायता मिलेगी।

**चालक से बने वाहन स्वामी, योजना ने दिया नया आत्मविश्वास**

दिनेश मेघवंशी पहले दूसरे व्यक्ति की टैक्सी चलाकर सीमित आय अर्जित करते थे। आर्थिक संसाधनों के अभाव में स्वयं का वाहन खरीदना उनके लिए संभव नहीं हो पा रहा था। जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के मार्गदर्शन और योजना से मिली आर्थिक सहायता के बाद अब वे अपने स्वयं के व्यावसायिक वाहन का संचालन कर रहे हैं। इससे उनकी आय में वृद्धि होने के साथ-साथ परिवार की आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी तथा प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। दिनेश मेघवंशी ने राज्य सरकार एवं जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि योजना से मिली सहायता ने उनके जीवन को नई दिशा दी है। उन्होंने कहा कि यदि समय पर आर्थिक सहयोग नहीं मिलता तो स्वयं का व्यवसाय शुरू करना संभव नहीं हो पाता। अब वे अन्य युवाओं को भी स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रेरित करेंगे।

**पात्र युवा उठाएं योजना का लाभ**

जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के संयुक्त आयुक्त एवं महाप्रबंधक कमलेश कुमार मीना ने बताया कि डॉ. भीमराव अंबेडकर उद्यम प्रोत्साहन योजना अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के युवाओं को उद्योग, सेवा एवं व्यवसाय स्थापित करने के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने की महत्वपूर्ण योजना है। उन्होंने पात्र युवाओं से योजना का अधिकतम लाभ उठाकर स्वरोजगार अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि विभाग योजनाओं की जानकारी, आवेदन प्रक्रिया, बैंक समन्वय, मार्जिन मनी तथा ब्याज अनुदान उपलब्ध कराने सहित हर स्तर पर आवेदकों को सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। योजना के माध्यम से जिले में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के साथ रोजगार सृजन को भी गति मिल रही है।

# एसीबीईओ कुर्मी व आरपी त्रिपाठी ने संभाला कार्यभार



**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी**

**राजेन्द्र बबलू पोखरना**

मुख्यालय पर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में शुक्रवार को अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी द्वितीय के रिक्त पद पर कल्पना कुर्मी तथा संदर्भ व्यक्ति के रिक्त पद पर प्रहलाद त्रिपाठी ने अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी कैलाश सुथार तथा सीबीओ अशोक पारीक की उपस्थिति में कार्यभार संभाला। इस दौरान के परिवारजन, मित्रों ने माला पहना कर शुभकामनाएं दी। साथ ही कार्यालय स्टाफ ने भी स्वागत करते हुए आभार जताया।

# पी.एम श्री विद्यालयों के संस्था प्रधानों की समीक्षा बैठक आयोजित



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

जिला कलक्ट्रेट सभागार में जिले के सभी 25 पी.एम. श्री विद्यालयो के संस्था प्रधान की समीक्षा बैठक जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू की अध्यक्षता में शुक्रवार को आयोजित की गई। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी, राजेन्द्र कुमार गग्गड़ ने पी.एम.श्री विद्यालयों' की स्थापना के उद्देश्य और उनमें आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जिला कलक्टर जस?मीत सिंह संधू ने सभी संस्था प्रधानों को भारत सरकार के सहयोग से चलाए जा रहे पीएम श्री विद्यालयों के लिए निर्धारित अपेक्षित मानदण्ड पूर्ण करते हुए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास करने पर जोर दिया। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षण हेतु विद्यार्थियों को विशेषतः गणित व अंग्रेजी विषय में दक्षता विकास एवम प्रत्येक विद्यार्थी में न्यूनतम एक स्किल के विकास हेतु विशेष प्रयास करने और अपने विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों में क्षमता विकास हेतु आवश्यक रूप से न्यूनतम एक नवाचार करने पर जोर दिया। जिला कलेक्टर ने सभी संस्था प्रधानों से जिला रैंकिंग के विभिन्न पैरामीटर को समय पर पूर्ण करने के निर्देश प्रदान किये। बैठक में अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी तेजकरण बहेड़िया सहित पीएम श्री विद्यालयों के सभी संस्थाप्रधान उपस्थित रहे।

## QUICK BITES

### सिंगोली चारभुजा तीर्थ नगरी में श्री श्याम प्रभु का विशेष अभिषेक, फलों के भव्य श्रृंगार ने मोहा मन

**भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास**

(रोशन )



चारभुजा तीर्थ नगरी सिंगोली श्री श्याम मंदिर में श्रद्धा एवं भक्ति के साथ भगवान श्री श्याम का विशेष अभिषेक एवं फलों का मनोहारी श्रृंगार किया गया। दिव्य श्रृंगार के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े और मंदिर परिसर श्याम बाबा के जयकारों से भक्तिमय हो उठा।

विशेष अभिषेक एवं फलों के श्रृंगार का सौभाग्य सुटेपा सुखवाल (आइसक्रीम, भीलवाड़ा) परिवार को प्राप्त हुआ। रंग-बिरंगे फलों से सुसज्जित श्री श्याम प्रभु के दर्शन श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहे।

मंदिर की व्यवस्थाएं व्यवस्थापक अर्जुन सोलंकी एवं भंडारी सुरेंद्र पाराशर ने संभाली। पुजारी जगदीश पाराशर एवं सांवरमल पाराशर ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से अभिषेक एवं पूजा-अर्चना संपन्न कराई। इस अवसर पर पंडित कमलेश शर्मा तथा गांव के अनेक गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे और उन्होंने पूजा-अर्चना में भाग लेकर धर्मलाभ प्राप्त किया।

महाआरती के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया तथा सभी ने श्री श्याम प्रभु से क्षेत्र में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

### यूसीसी पर मुख्यमंत्री को भेजे सुझाव, बहुविवाह पर सख्ती और विवाह पंजीकरण अनिवार्य करने की मांग

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

ऊपरमाल पर्यावरण समिति के उपाध्यक्ष शक्ति नारायण शर्मा ने राजस्थान सरकार द्वारा समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लेकर आमंत्रित सुझावों के तहत मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर विवाह, तलाक, उत्तराधिकार, गोद लेने और लिव-इन रिलेशनशिप से जुड़े कानूनों में समानता एवं स्पष्ट प्रावधान करने का सुझाव दिया है। उन्होंने सभी धर्मों और समुदायों के लिए एक समान कानून लागू करने की वकालत की है। शर्मा ने पत्र में कहा कि पत्नी के जीवित रहते दूसरी शादी को अवैध घोषित कर उसके लिए दंड और सजा का प्रावधान किया जाए। साथ ही सभी समुदायों में विवाह का पंजीकरण अनिवार्य किया जाए तथा बहुविवाह और एकतरफा तलाक पर समान रूप से रोक लगाई जाए।

उन्होंने सुझाव दिया कि लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वाले युगलों के लिए 30 दिन के भीतर सक्षम अधिकारी के समक्ष पंजीकरण अनिवार्य हो तथा गलत जानकारी देने पर दंड का प्रावधान किया जाए। ऐसे संबंधों से जन्म लेने वाले बच्चों को माता-पिता की संपत्ति में पूर्ण अधिकार दिए जाने की भी मांग की गई।

शर्मा ने पत्र में माता-पिता की सहमति के बिना विवाह के मामलों में भी आवश्यक कानूनी प्रावधान करने का सुझाव देते हुए कहा कि इस विषय पर सरकार गंभीरता से विचार करे। उन्होंने आग्रह किया कि उनके द्वारा दिए गए सुझावों को समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के मसौदे में शामिल किया जाए।

### एसडीजी क्रियान्वयन की समीक्षा, भीलवाड़ा राज्य में नौवें स्थान पर

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



सतत् विकास लक्ष्य (एसडीजी)-2030 की प्रभावी क्रियान्विति और प्रगति की समीक्षा को लेकर शुक्रवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय क्रियान्वयन एवं मॉनिटरिंग समिति की पहली बैठक जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में सदस्य सचिव एवं उप निदेशक, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग डॉ. सोनल राज कोठारी ने बताया कि राजस्थान इंडेक्स-2025 के अनुसार भीलवाड़ा जिले ने 61.60 अंक प्राप्त कर प्रदेश में नौवां स्थान हासिल किया है। बैठक के दौरान जिला परिषद, राजीविका, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, कृषि, चिकित्सा तथा पुलिस विभाग से जुड़े सतत् विकास लक्ष्य संकेतकों की गत वर्षों की तुलनात्मक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने स्वयं सहायता समूहों के क्रेडिट लिंकेज, दिव्यांग पेंशन और सॉयल हेल्थ कार्ड की प्रगति में सुधार लाने के निर्देश दिए। साथ ही गुणवत्तायुक्त बीजों के वितरण एवं नई किस्मों के मिनी-किट उपलब्ध कराने में बेहतर कार्य करने पर कृषि विभाग की सराहना की। बैठक के अंत में जिला कलक्टर ने जिला एसडीजी स्टेटस रिपोर्ट-2026 का विमोचन किया।

### खजूरी में सेवा और समाधान का संगम, विधायक गोपीचंद मीणा ने जनसुनवाई के बाद निभाया गौसेवा का संकल्प

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।**



खजूरी ग्राम पंचायत में शुक्रवार को विधायक गोपीचंद मीणा का दौरा केवल जनसुनवाई तक सीमित नहीं रहा, बल्कि सेवा और संवेदनशीलता का संदेश भी देता नजर आया। उन्होंने पहले ग्रामीण जन समस्या समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को समयबद्ध समाधान के निर्देश दिए। इसके बाद अपने जन्मोत्सव सेवा पखवाड़े के तहत खजूरी गौशाला पहुंचकर गौसेवा की तथा गौशाला के लिए 21 हजार रुपये की आर्थिक सहायता भेंट की।

जनसमस्या समाधान शिविर में राजस्व, पेयजल, बिजली, सड़क, सामाजिक सुरक्षा और कृषि सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं रखीं, जिनमें कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि शेष प्रकरणों के शीघ्र समाधान का भरोसा दिया गया।

विधायक गोपीचंद मीणा ने अधिकारियों से कहा कि सरकार की मंशा है कि ग्रामीणों को छोटी-छोटी समस्याओं के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ें। उन्होंने प्रत्येक प्रकरण का पारदर्शी और प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।